# पुलों की स्ट्रक्टरल आडिट के लिए प्रशिक्षण

राज्य ब्यूरो, जागरण • पटना : पुलों की सुरक्षा और स्ट्रक्चरल आडिट के लिए मंगलवार को बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कारपोरेशन (बीएसआरडीसी) के सभागार में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि नए पुलों का निर्माण जितना आवश्यक है, उतना ही पुराने पुलों की संरचनाओं को सुदृढ़ करना है। इस कार्य व्यवहार से राज्य के संसाधन का ह्रास नहीं होगा।



प्रशिक्षण कार्यक्रम भाग लेते सड़क निर्माण मंत्री नितिन नवीन। • जागरण

मंत्री ने कहा कि सिर्फ नए परियोजनाओं का क्रियान्वयन ही उद्देश्य नहीं हो, बल्कि जितनी भी परियोजनाएं क्रियान्वित हुई हैं उनका संरक्षण व सतत अनुश्रवण भी आवश्यक है। प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक है कि सभी अभियंता तकनीकी प्रक्रियाओं से पूरी तरह परिचित हों। अभियंताओं के कौशलवर्धन के लिए इस प्रकार के प्रशिक्षण नियमित रूप से आयोजित किए जाएं। इससे योजना एवं नीतिगत निर्णयों में भी सहायता मिलेगी। बीएसआरडीसी के प्रबंध निदेशक शीर्षत कपिल अशोक ने इस अवसर पर कहा कि अभियंता इस प्रशिक्षण से जो सीखें, उसे फील्ड के काम में जरूर लागू करें।